**नीतीश मिश्रा**
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

**सदस्य**
बिहार विधान सभा

**Ref: 292/2021**
**Dt-24-8-2021**

**महाप्रबंधक,**
**पूर्व मध्य रेल,**
**हाजीपुर।**

विषयः—**सकरी—निर्मली रेलखंड पर नेमुआ हॉल्ट के निकट रेलवे लाईन के दोनों तरफ निर्मित सड़क के आवागमन का मार्ग नहीं मिलने एवं इससे उत्पन्न समस्या के समाधान करने के संबंध में।**

**महाशय,**

मैंने अपने पत्रांक 44/2021 दिनांक 16.1.2021 के माध्यम से सकरी—निर्मली रेलखंड पर नेमुआ हॉल्ट के निकट रेल लाईन पर रेल समपार फाटक/रेल अंडर पास अथवा एल॰सी॰ 65 के स्थान परिवर्त्तन के संबंध में आग्रह किया था।

उक्त पत्र के आलोक में मुख्य इंजीनियर/निर्माण/योजना, कार्यालय मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण महेन्द्रू घाट पटना द्वारा पत्र सं॰ ईसीआर/सीएओ/कॉन/एमपी—एमएलए/पार्ट—1/सीए—111/885 दिनांक 11.8.2021 के माध्यम से इसके प्रत्युत्तर में कहा गया है कि नेमुआ हॉल्ट के पास आने वाली कच्ची सड़क पर मीटर गेज के समय कोई भी समपार फाटक अवस्थित नहीं था तथा रेलवे बोर्ड के आदेश में सभी समपार फाटकों को समयबद्ध तरीकों से बंद किया जाना है।

सकरी—निर्मली रेलखंड का बड़ी लाईन में हो रहे अमान परिवर्त्तन से जनता उत्साहित है पर इससे उत्पन्न समस्या से विचलित भी है। नेमुआ हॉल्ट के निकट रेलवे लाईन पार करने हेतु अभी तक कोई विकल्प नहीं देने से रेलवे लाईन के उत्तर एवं दक्षिण में निर्मित पक्की सड़क की प्रासंगिकता समाप्त हो गई है, क्योंकि यह प्रमुख सड़क से 10—12 गांवों का आवागमन बाधित है और पैदल लाईन पार करना पड़ रहा है।

नेमुआ हॉल्ट के निकट रेलवे लाईन से उत्तर में लगभग 50 मीटर कच्ची सड़क है। उसके आगे 7 कि॰मी॰ पक्की सड़क एन॰एच॰ 57 पर खोपा के निकट मिलती है। रेलवे लाईन के दक्षिण तरफ 30 मीटर कच्ची सड़क के बाद पक्की सड़क पर नेमुआ मुख्य बाजार स्थित है। जहां लोगों का आवागमन लगा रहता है। रेलवे लाईन पार करने का कोई विकल्प नहीं होने के कारण कच्ची सड़क है। मैंने स्वंय वहां जाकर स्थल का निरीक्षण किया है।

रेलवे लाईन पार करने का विकल्प नहीं देने से आवागमन के साथ इस क्षेत्र की आर्थिक गतिविधि एवं विकास बाधित हो गयी है। गांव के विकास में सड़क की प्रमुख भूमिका है।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranit www.jhanjharpur.co.in

नेमुआ हॉल्ट पूर्व में मीटरगेज लाईन होने के कारण समतल स्थिति में आवागमन में कठिनाई कम होती थी लेकिन वर्त्तमान समय में अमान परिवर्त्तन से ऊँची मिट्टी भराई होने एवं बड़ी लाईन ऊँचा होने के कारण आवागमन में परेशानी बढ़ना स्वाभाविक है। वर्त्तमान समय में जीवन–यापन के कठिन दौर में लोगों का आवागमन भी बढ़ गया है।

अतः अनुरोध है कि जनहित में नेमुआ हॉल्ट के निकट रेलवे लाईन के दोनों तरफ के मुख्य सड़क को जोड़ने एवं रेलवे लाईन पार करने का विकल्प देने हेतु विचार करना चाहेंगे।

**शुभकामनाओं के साथ,**

भवदीय

Nitish Mishra

**(नीतीश मिश्रा)** 24.8.2021

**संलग्न–** 1. मुख्य इंजीनियर/निर्माण महेन्द्रु घाट, पटना के पत्र की छायाप्रति।
2. पत्रांक 44/2021 दिनांक 16.1.2021 के पत्र की छायाप्रति।

पूर्व मध्य रेलवे
(निर्माण संगठन)

कार्यालय
मुख्य प्रशासनिकअधिकारी/निर्माण
महेंद्रुघाट/पटना

सं0 ईसीआर/सीएओ/कॉन/एमपी–एमएलए/पार्ट–।/सीए–।।। /885 दिनांक 11.08.2021

श्री नीतीश मिश्रा,
पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
112, कौटिल्य नगर,
पटना–800014

विषयः–सकरी– निर्मली रेलखंड पर नेमुआ हाल्ट के निकट रेल लाईन पर रेल समपार फाटक/रेल अंडर पास अथवा एलसी–65 के स्थान परिवर्तन के संबंध में।

संदर्भः–(1) आपका पत्रांक– 44/2021 दिनांक 16.01.2021
(2) उप महाप्रबंधक/सा0/हाजीपुर के पत्र सं0 ईसीआर/एडीएम/पीडी/एमपीएमएलए/17/2021 दिनांक 28.01.2021 (प्राप्ति की तिथि 06.08.2021)

उपरोक्त संदर्भ (1) के संबंध में माननीय महोदय को अवगत कराना है कि संदर्भ में उल्लेखित किया जाता है कि नेमुआ हॉल्ट के पास आने वाली कच्ची सड़क पर मीटर गेज के समय कोई भी समपार फाटक अवस्थित नहीं था। रेलवे बोर्ड के पत्र सं0 2016/CE-IV/Misc/43(UMLCs) New Delhi dated 02.05.20216 & 2017/CE-IV/LX/Misc/244(LC) New Delhi dated 22.11.2018 में सभी समपार फाटको को समयबद्ध तरीके से बंद किया जाना है।

Indrajit Kumar 11/8/21
(इन्द्रजीत कुमार)
मुख्य इंजीनियर/निर्माण/योजना

प्रतिलिपि– उप महाप्रबंधक/सा0/हाजीपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

**नीतीश मिश्रा**
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

**सदस्य**
बिहार विधान सभा

**Ref: 44/2021**
**Dt- 16-01-2021**

**महाप्रबंधक,**
**पूर्व मध्य रेल,**
**हाजीपुर।**

विषयः– **पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के समस्तीपुर रेल मंडल में सकरी– निर्मली रेलखंड पर नेमुआ हॉल्ट के निकट रेल लाईन पर रेल सम्पार फाटक/रेल अण्डर पास अथवा एल.सी. 65 के स्थान परिवर्तन के संबंध में।**

महाशय,

आपके प्रयास एवं रेल मंत्रालय की दृढ़ ईच्छाशक्ति से सकरी–निर्मली रेलखंड में छोटी लाईन से बड़ी लाईन में हो रहें अमान परिवर्तन से क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर हैं। मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर में सकरी–निर्मली रेलखण्ड पर नेमुआ हॉल्ट स्थित है। वर्तमान समय में रेलवे द्वारा अमान परिवर्तन का काम जारी है। एन.एच. 57 (खोपा) से नेमुआ रेलवे हॉल्ट होकर एक मुख्य मार्ग मधेपुर भेजा होते हुए जमालपुर तक जाती है। पूर्व में यह छोटी रेल लाईन थी, उस समय यातायात रेलवे लाईन पार कर जमालपुर की तरफ और उधर से आने वाली रेल लाईन पार कर एन.एच.57 (खोपा) तक आसानी से चली जाती थी।

वर्तमान समय में बड़ी लाईन निर्माण से मिट्टी भराई का काम होने से समस्त यातायात बंद हो जायेगा और इस इलाके के 10–12 गाँव का कृषि कार्य एवं व्यवसाय में परेशानी बढ़ जायेंगी। नेमुआ हॉल्ट से उत्तर की तरफ लगभग 500 मीटर कच्ची सड़क हैं, उसके बाद 7 कि0मी0 पक्की सड़क एन.एच.57 (खोपा) के पास मिलती हैं। यह सड़क इलाके के 10–12 गाँव के आवागमन का मुख्य मार्ग है। नेमुआ हॉल्ट रेलवे लाईन से दक्षिण में मुख्य बाजार स्थित हैं, जहाँ लोगो का आवागमन लगा रहता है। नेमुआ हॉल्ट के दक्षिण अथवा उत्तर हर हालत में लाईन पार कर जाना पड़ता है, जिससे लोगो में जान–माल का खतरा बना रहता है। दिनांक 14.01.2021 को क्षेत्र के भ्रमण के क्रम में मैने पाया कि नेमुआ हॉल्ट के निकट रेल लाईन पार करने के लिए

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612-222-6263 Fax : 0612-222-5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com

सुविधा देने की परम आवश्यकता हैं, क्योंकि लाईन से उत्तर भी प्रमुख सड़क हैं और दक्षिण में नेमुआ बाजार स्थित है।

विचारणीय हैं कि आवागमन की समस्या के निदान हेतु रेलवे लाईन पर एक सम्पार गुमटी (फाटक) अथवा रेलवे अण्डरपास की आवश्यकता है। ग्रामीणों के साथ मैंने उक्त स्थल को स्वयं जाकर देखा कि रेलवे लाईन से 200 मीटर पश्चिम में रेलवे लाईन पार करने के लिए एल.सी. 65 स्थित हैं, जिसका कोई व्यापक उपयोग नहीं होगा। इलाकें के ग्रामीणों ने अन्यत्र स्थापित इस (LC 65) को नकार दिया है, यदि यह एल.सी. 65 को नेमुआ हॉल्ट के पास परिवर्तित कर दिया जाए तो तत्काल इस सड़क को पार करने की सुविधा मिल सकती हैं, क्योंकि अमान परिवर्तन का कार्य जारी है, इसलिए जनहित में कोई भी उपरोक्त सुविधा देने में आसानी होगी।


अतः अनुरोध है कि सकरी–निर्मली रेलखंड के नेमुआ हॉल्ट के नजदीक रेलवे सम्पार फाटक / रेलवे अण्डरपास अथवा एल.सी. 65 की स्थान का परिवर्तन नेमुआ हॉल्ट के पास करने हेतु जनहित में आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

**नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!**

भवदीय

Nitish Mishra
16.1.2021

**(नीतीश मिश्रा)**


NH - 57
पक्की सड़क – 7 की. मी.
तमुरिया/सोनरे गाँव
कच्ची सड़क – 500 मी.
सकरी, झंझारपुर –रेल खण्ड
निर्मली–रेल खण्ड
LC-65 समपार फाटक
(हॉल्ट से 200 मी. की दूरी पर)
नेमुआ बाजार
पक्की सड़क
नेमुआ हॉल्ट
नेमुआ, बोदई, बिहारपुर, अम्मरूपी, सोनवर्षा, मनमोहन, बाथ, मधेपुर (प्रखण्ड मुख्यालय), भेजा एवं जमालपुर तक जानेवाली पक्की सड़क
(लगभग 40 हजार की आबादी)